हिन्दुस्तान
बुधवार, 15 मार्च 2023
02
www.livehindustan.com

# निबंध प्रतियोगिता में सुजाता अव्वल

फरीदाबाद। बल्लभगढ स्थित अग्रवाल महाविद्यालय में मंगलवार को कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें महाविद्यालय के काफी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया।

इस मौके पर छात्रों ने मानव अधिकार, मौलिक कर्तव्य, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा ,कन्या भ्रूण हत्या, सूचना का अधिकार जैसे विषयों पर अपने विचार लिखे। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने छात्रों को कानूनी अधिकार और अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव जागरूक रहने का संदेश दिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्रा सुजाता पहले स्थान पर रहीं। निशु ने दूसरा और सुदेशना ने तीसरा स्थान हासिल किया।